**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**

**पिकप भवन, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमती नगर, लखनऊ**

**संख्याः 24 /01/विज्ञा0अनु0 (ग्यारह)/2025/01-परीक्षा/2025**

लखनऊः दिनांक- 06 मई , 2025

# विज्ञप्ति

## विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2025

## प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (Preliminary Eligibility Test-PET)-2025

उत्तर प्रदेश शासन, कार्मिक अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या-1103/47-का-3-2020-13/17/2020, दिनांक-20 नवम्बर, 2020 द्वारा समूह-'ग' के पदों पर भर्ती हेतु द्विस्तरीय परीक्षा प्रणाली अपनाए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। उक्त शासनादेश के क्रम में उक्त तिथि अर्थात दिनांक 20-11-2020 के पश्चात उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परिधि में आने वाले समूह-'ग' के समस्त पदों पर चयन हेतु चयन सम्बन्धी कार्यवाही द्विस्तरीय परीक्षा प्रणाली के आधार पर की जाएगी।

द्विस्तरीय परीक्षा प्रणाली प्रभावी होने के पश्चात उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परिधि में आने वाले विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन भिन्न-भिन्न प्रकार के रिक्त पदों पर चयन हेतु इच्छुक समस्त अभ्यर्थियों द्वारा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा में प्रतिभाग किया जाना अनिवार्य है।

उक्त के क्रम में समस्त आवेदकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग के विज्ञापन संख्या-**01-परीक्षा/2025, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (Preliminary Eligibility Test-PET)-2025** के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन हेतु विज्ञापन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://upsssc.gov.in पर जारी किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा -2025 के विज्ञापन को डाउनलोड कर, विज्ञापन मे उल्लिखित अर्हता, आयु सीमा एवं ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की विस्तृत प्रक्रिया का अवलोकन व अध्ययन कर लें तथा पात्र होने की दशा में आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन सबमिट कर सकते है। प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा -2025 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत हैं-

- पंजीकरण/ऑनलाइन आवेदन / शुल्क जमा करना प्रारम्भ होने की तिथि **-14-05-2025**
- पंजीकरण/ शुल्क जमा करने /ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि **-17-06-2025**
- शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि**-24-06-2025**

**सचिव,**

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**

**लखनऊ।**